asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

भूपेश बघेल के कार्यकाल में... पृष्ठ 2
बजट पेश हुआ, पर सदस्यों ने रोकी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शनिवार, 21 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 130, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


## राज्य सरकार जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल की संयुक्त अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश में च्जल संचय-जन भागीदारी 2.0ज्ज् अभियान के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल इस बैठक में वर्चुअली शामिल हुए और बैठक को संबोधित किया। इस दौरान बिलासपुर, दुर्ग और सूरजपुर जिले के कलेक्टरों ने अपने-अपने जिलों में अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जल संकट 21वीं सदी की केवल गंभीर पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और विकासात्मक चुनौती भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को स्थायी और प्रभावी बनाने के लिए जनभागीदारी अनिवार्य है।उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश का उल्लेख किया, जिसमें पानी के उपयोग को प्रसाद के समान मानते हुए जल के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर राज्य सरकार जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभियान के पहले चरण में छत्तीसगढ़ ने देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा विभिन्न जिलों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार मिले। पहले चरण में सामुदायिक भागीदारी के मॉडल पर कार्य करते हुए बड़े पैमाने पर बोरवेल रिचार्ज, रूफ्टॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज शाफ्ट, सोक पिट और ओपनवेल रिचार्ज जैसी संरचनाओं का निर्माण किया गया। श्री साय ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 5 क्रिटिकल और 21 सेमी-क्रिटिकल भू-जल ब्लॉक चिन्हित हैं। वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में इनमें से 5 ब्लॉकों में भू-जल निकासी में कमी और भू-जल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है, जो जल संरक्षण प्रयासों के सकारात्मक परिणामों का संकेत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभियान के दूसरे चरण जल संचय-जन भागीदारी 2.0ज्ज् के अंतर्गत तकनीक आधारित और अधिक परिणाममूलक रणनीति अपनाई जा रही है। राज्य सरकार ने 31 मई 2026 तक 10 लाख जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने इसे जल सुरक्षा की दिशा में प्रदेश का ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर एक विशेष पहल के तहत 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले चार लाख से अधिक किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कार्य में जिला प्रशासन के साथ-साथ औद्योगिक समूहों का सहयोग भी लिया जा रहा है। इन डबरियों से भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों को सिंचाई एवं मछली पालन जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ मिलेंगी। दूसरे चरण में सभी जल संरचनाओं की जियोटैगिंग, ग्राम पंचायतों के वॉटर बजट तथा जल सुरक्षा योजनाओं के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही गांवों के युवाओं को च्जल मित्रज्ज् के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि अभियान को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि क्रिटिकल और सेमी-क्रिटिकल ब्लॉकों पर विशेष फोकस रखते हुए सेमी-क्रिटिकल ब्लॉकों में 40 प्रतिशत तथा क्रिटिकल ब्लॉकों में 65 प्रतिशत जल संरक्षण कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## दिल्ली फैशन वीक में राजनांदगांव के मास्टर आदर्श गुप्ता ने बिखेरा जलवा, सेलिब्रिटी डिजाइनर के शो में किया प्रभावशाली रैंप वॉक




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के उभरते युवा मॉडल मास्टर आदर्श गुप्ता ने राजधानी दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित फैशन शो ग्लोरियस इंडियन रनवे फैशन वीक में शानदार प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। देश के प्रसिद्ध सेलिब्रिटी डिजाइनर द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में आदर्श ने आत्मविश्वास, आकर्षक व्यक्तित्व और पेशेवर अंदाज के साथ रैंप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसकी उपस्थित दर्शकों और फैशन विशेषज्ञों ने सराहना की।मास्टर आदर्श गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेन्द्र गुप्ता के सुपुत्र हैं। उन्होंने कम उम्र में ही मॉडलिंग को अपने करियर के रूप में अपनाया और निरंतर परिश्रम व समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर के मंच तक अपनी पहचान बनाई है। दिल्ली में आयोजित इस बड़े फैशन समारोह में



भागीदारी उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। आदर्श इससे पूर्व भी देश के विभिन्न राज्यों और प्रमुख शहरों में आयोजित फैशन आयोजनों में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने नैनीताल, रांची, हैदराबाद तथा मुंबई जैसे शहरों में अपनी प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई है। उनकी मंच प्रस्तुति, चाल-ढाल और आत्मविश्वास ने फैशन जगत में उन्हें एक उभरते चेहरे के रूप में स्थापित किया है। दिल्ली में हुए इस फैशन वीक में उनके सफल प्रदर्शन से राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गर्व का वातावरण है। परिवार के सदस्यों, मित्रों और शुभचिंतकों ने आदर्श को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। आदर्श ने अपने संदेश में कहा कि वे आगे भी बड़े मंचों पर निरंतर कार्य करते हुए अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## डॉ. रमन सिंह ने किया आर्थिक मदद

**25 हितग्राहियो को दिए छह लाख पचास हजार रुपये ( 06.50 लाख )**



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के 25 जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता राशि 6,50,000 की स्वीकृति प्रदान की । विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल के द्वारा स्पीकर हाऊस, राजनांदगांव मे चेक वितरण किया गया। जिसमें प्रभा बाई साहू ग्राम टेड़ेसरा को 01 लाख रूपये, लक्ष्मी मंडावी, पुनीता चंद्रवंशी ग्राम भण्डारपुर को 50-50 हजार रूपये व कांति बाई मेश्राम वार्ड नं. 10 विकासखंड राजनांदगांव को 40 हजार रुपये, गीता संतोष यादव मठपारा व प्रेमा सोनकर स्टेशन पारा को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार लक्ष्मी सोनकर वार्ड नं. 48 नंदई व विद्या चंद्राकर ग्राम भर्रेगांव को 25-25 हजार रुपये, गिरजा बाई देवांगन ग्राम बोरी, प्रवीण गिरी गोस्वामी स्टेशन पारा व आशीर्वाद नवयुवक मंडल को 20-20 हजार रुपये प्रदान किये गये। माँ जगदम्बा स्व.सहायता समूह, कचरा बाई गेड़ाम वार्ड नं. 18 तुलसीपुर व अशोक कुमार सोनी वार्ड नं. 19 ममता नगर व धनेश्वरी चौबे ग्राम इंदावानी को 10-10 हजार रुपये, रामप्यारी साहू वार्ड नं. 34 लखोली को 15 हजार रुपये व प्रतिमा वासनिक वार्ड नं. 27 भरका पारा को 10 हजार रुपये व दुर्गेश कुमार साहू ग्राम पेण्ड्री व धनकुंवर बाई व बिमला बोरीकर ग्राम नचनिया को 15 हजार रुपये, धनलक्ष्मी सिंह ग्राम पनेका, हिरेन्द्र कुमार साहू ग्राम पेण्ड्री, केसरी बाई व रितेश कुमार वर्मा को 10-10 हजार रुपये तथा विशाखा बाई यादव को 07 हजार व योगिता बाई को 05 हजार का चेक वितरण किया गया।

## कुमरदा परीक्षा केंद्र में छात्रों का स्वागत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप 12 वीं की छात्र-छात्राओं का परीक्षा के प्रथम दिवस तिलक लगाकर मुंह मीठा कर स्वागत किया गया . संस्था के प्राचार्य आर के दुबे एवं केंद्र अध्यक्ष महेश बोरकर ने छात्रों को शुभकामना देते हुए तनाव मुक्त, निर्भय होकर परीक्षा दिलाने का अपील किए ।इस अवसर पर सहायक केंद्र अध्यक्ष बसंत कुमार यादव, प्रीतम दुबे व्याख्याता सुरेंद्र वैष्णव, भागवत प्रेमन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन सभी छात्र-छात्राएं शांति पूर्ण परीक्षा दिलाया।





**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर विशेष**

## छत्तीसगढ़ मे आदिवासी नेतृत्व गढ़ रहा है विकास के नए सोपान



**रायपुर (नांदगाँव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। श्री विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।

केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा

कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी।

प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल श्री विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही सम्भव कर सकते हैं।

श्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत्-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है। मुख्यमंत्री श्री साय जनता के बीच और हर समुदाय के बीच एक ऐसा पुल बनाना जानते हैं जिससे सभी एक दूसरे से जुड़ सके और सभी प्रदेश के हित में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह भी कर सके। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय पद्रेश की जनता को समर्पित कर यह सिद्ध कर दिया है कि उनका जीवन केवल उनका नहीं है अपितु प्रदेश की जनता की निः स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित है। वे सही मायने में एक ऐसे जननेता हैं जिनके लिए जनता ही सब कुछ हैं। ऐसे सेवाभावी और लोकप्रिय जनसेवक बहुत कम होते हैं जिनके लिए जनता का विकास और जनता का साथ ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का अब तक का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, समर्पित और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा हो तो विकास की राह कठिन नहीं होगी।

# भूपेश बघेल के कार्यकाल में रखी गई मजबूत नींव, अब पूरा करे भाजपा सरकार : विष्णु लोधी

## कटघोरा रेल परियोजना को राजनीति की भेंट चढ़ाना बंद करें, भाजपा सरकार : विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगढ़ से कटघोरा तक प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना को लेकर चल रही बयानबाजी पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस रेल परियोजना की आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में रखी गई थी। भूमि अधिग्रहण, सर्वेक्षण और प्रारंभिक प्रक्रियाओं को गति देने का कार्य कांग्रेस सरकार ने ही किया। यह कहना कि परियोजना को च्चिमट्टी में मिला दिया गयाज्, तथ्यों से परे और जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। इस परियोजना का मांग लगातार कांग्रेस और क्षेत्र के जनता एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह जी के द्वारा लगातार संघर्ष किया गया उन्होंने इस परियोजना के लिए साइकिल यात्रा भी निकाली। विष्णु लोधी ने कहा कि आज केंद्र और राज्य—दोनों स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यदि परियोजना वर्षों से लंबित है तो अब बहाने नहीं, बल्कि परिणाम सामने आने चाहिए। जनता ने वोट केवल किसी दल को नहीं, बल्कि विकास के वादों को दिया है। जनता ने कांग्रेस को भी चुना था और भाजपा को भी—क्या जनता ने विश्वास जताकर कोई गलती की थी ?उन्होंने कहा कि लगभग हजारों करोड़ की अनुमानित लागत वाली यह रेल लाइन डोंगरगढ़, कवर्धा, पंडरिया, मुंगेली होते हुए कटघोरा तक क्षेत्र को जोड़ेगी। इससे खनिज परिवहन को गति मिलेगी, स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी, किसानों को बाजार तक पहुंच आसान होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं और यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। विष्णु लोधी ने भावुक शब्दों में कहा, यह केवल रेल लाइन नहीं, बल्कि पिछड़े अंचलों के सपनों की पटरी है। इसे राजनीति की धूल में दबाना जनता के साथ अन्याय है। यदि केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने के बावजूद काम आगे नहीं बढ़ रहा, तो जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। उन्होंने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे अतीत को कोसने के बजाय वर्तमान में ठोस पहल करें। विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़ से पहले उन्हें धरातल पर काम दिखाना चाहिए। उन्होंने यहां भी कहा की राजनांदगांव जिले में बैगैर भूमि अधिग्रहण के किसानों की जमीन पर बिना मुआवजा के ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरीके से ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। जो कि सही नहीं है। किसानों के साथ अन्य करना बंद करें भाजपा सरकार। साथ ही डोंगरगढ़, मोहला, मानपुर रेल लाइन जो दक्षिण भारत से सीधा संपर्क स्थापित कर क्षेत्रीय व्यापार पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। जनता की वर्षों पुरानी मांग है लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल दिखाई नहीं देती है। सरकार को चाहिए प्रारंभिक सर्वेक्षण कर इस मांग को भी पूरा करना चाहिए। अंत में विष्णु लोधी ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता, किसानों, व्यापारियों और युवाओं की आवाज बनकर इस परियोजना को पूरा कराने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। जनहित सर्वोपरि है और जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।



## जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में समाधान शिविर : दो दिनों में 303 आवेदन, 20 लाख से अधिक गड़बड़ी के संकेत



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में डाक विभाग द्वारा आयोजित समाधान शिविर में बीते दो दिनों के भीतर कुल 303 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार इनमें से 96 ग्राहकों की शिकायतें प्रथम दृष्टया सही पाई गई हैं। इन 96 ग्राहकों को लगभग 11 लाख 60 हजार रुपये की राशि सेटलमेंट के रूप में इसी सप्ताह प्रदान की जाएगी।जिसमें गुरुवार को 28 ग्राहकों के खातों में करीब चार लाख रुपये की राशि स्थानांतरित भी की जा चुकी है। विभाग का कहना है कि शेष मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। दस्तावेज विहीन मिले 103 ग्राहक :- शिविर के दौरान 103 ऐसे ग्राहक भी सामने आए हैं जिनके पास अपने खाते से संबंधित कोई दस्तावेज या पासबुक उपलब्ध नहीं है। ग्राहकों का आरोप है कि वे भारी-भरकम राशि का लेनदेन करते थे, जिसके चलते तत्कालीन पोस्टमास्टर आशीष मांडवी वर्ष में आधे से अधिक समय तक किसी न किसी बहाने से उनकी पासबुक अपने पास रख लेते थे।

टीडी (टर्म डिपॉजिट) के लगभग 12 ग्राहकों के साथ भी इसी प्रकार की स्थिति सामने आई है। कुल प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभाग ने 20 लाख रुपये से अधिक की राशि में गड़बड़ी के संकेत मिलने की बात स्वीकार की है। सुकन्या योजना के खातों में भी गड़बड़ी :-जांच के दौरान 20 से अधिक सुकन्या योजना खातों में भी अनियमितता सामने आई है। जानकारी के अनुसार संबंधित परिवार अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 8.2 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 15 वर्षों के लिए राशि जमा कर रहे थे। आरोप है कि इन खातों में भी आशीष मांडवी द्वारा गड़बड़ी का प्रयास किया गया। विभाग के अनुसार इनमें से सात ग्राहकों की राशि मंगलवार को सेटलमेंट के रूप में जमा कर दी गई है, जबकि शेष 13 मामलों की जांच जारी है। टॉप 15 में रहता था रैंक :- विभागीय सूत्रों के अनुसार छह ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले 111 पोस्ट ऑफिसों में आशीष मांडवी का प्रदर्शन रैंकिंग में 11 से 15 के बीच रहता था। बताया जाता है कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए लक्ष्यों को वह समय से पहले पूरा कर लेता था। नए खाते खोलने से लेकर अन्य कार्यों में भी उसका प्रदर्शन उल्लेखनीय माना जाता था। फिलहाल डाक विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। विभाग का कहना है कि सभी पीड़ित ग्राहकों को न्याय दिलाने और उनकी राशि सुरक्षित लौटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सौर सुजला योजना ने बदली किसानों की तकदीर, अकार्यशील पंपों के सुधार से फिर लौटी हरियाली

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा वर्ष 2016-17 से अब तक 2317 कृषकों के खेतों में कृषि सिंचाई हेतु सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं। इन सोलर पंपों ने न केवल किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा दी है, बल्कि उन्हें बिजली बिल के बोझ से भी मुक्ति दिलाई है। सौर ऊर्जा आधारित पंपों के उपयोग से शासन की करोड़ों रुपये की बिजली बचत हो रही है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। च्सौर सुजलाज् योजना उन किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनके पास कृषि भूमि तो है, लेकिन सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं थी। कई किसान विद्युत लाइन विस्तार की अधिक लागत के कारण सिंचाई सुविधा नहीं ले पा रहे थे और मानसून पर निर्भर रहते थे। समय पर वर्षा न होने से फसलें प्रभावित होती थीं और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता था। ऐसे में सौर ऊर्जा आधारित पंपों ने उनके खेतों में नई उम्मीद जगाई है। हालांकि, प्राकृतिक आपदाओं, तकनीकी खराबी या असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने के कारण कुछ सोलर पंप अकार्यशील हो गए थे। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर द्वारा संबंधित स्थापनाकर्ता इकाइयों की जमा सुरक्षा निधि से राशि कटौती कर सुधार कार्य की स्वीकृति दी गई। इसके बाद विकासखंड मोहला के कोर्रामटोला, दुग्गाटोला, काण्डे तथा मानपुर के नेवरगांव सहित कई गांवों में पंप और कंट्रोलर बदलकर सोलर पंपों को पुनः चालू किया गया। अब इन गांवों के किसानों के खेतों में फिर से सिंचाई सुचारु रूप से हो रही है।



## 'छुरिया टी आई पर गाली गलौच का आरोप'

### भाजपा ने धरना प्रदर्शन कर किया चक्काजाम'

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** वाहन चेकिंग अभियान के दौरान छुरिया टीआई द्वारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष को गाली गलौच करने का आरोप लगा है इससे नाराज होकर भाजपा पदाधिकारियों ने बीती रात छुरिया कल्लूबंजारी सड़क मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया । शाम सात बजे से शुरू हुआ चक्काजाम देर रात बारह बजे तकचलता रहा । भाजपा पदाधिकारियों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचनामिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपा पदाधिकारियों को समझाईश देने के प्रयास किया । लेकिन बात नहीं बनी देर रात छुरिया टीआई द्वारा खेद जताने पर भाजपा पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया ।

गुरूवार की शाम को जिलेके वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश पर छुरिया कल्लूबंजारी मार्गपर स्थित वनोपज जांच नाका पर वाहन चेकिंग अभियान छुरिया टीआई रमेश पटेल द्वारा चलाया जा रहा था । इसी दौरान कल्लूबंजारी से लौट रहे भाजपा मण्डल अध्यक्ष कान्ता साहू का वाहन रोका गया । लेकिन परिचय देने पर उन्हें जाने दिया गया । उनके वाहन के साथ खड़े अन्य वाहन में सब्जी फार्म के सतीश यादव ने बताया कि उनके जाने के बाद छुरिया टीआई ने उन्हें गाली गलौच किया है । यह सुनकर पदाधिकारी नाराज हो गए और वनोपज जांच नाकाके पास पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया जिससे मार्गों में वाहनों की लंबी कतार लग गई। खबर मिलने पर पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्तिक राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के केसरी नंदन नायक एसडीएम डोंगरगांव कोर्राम, पुलिस बल सहित पहुंचे और घटना स्थल पर भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव एवं जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गैंदाटोला के खिलेश्वर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल,सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया,जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, एवं अन्य भाजपाईयों को समझाईश देते रहे लेकिन देर रात पुलिस और भाजपाईयों से वाद विवाद की स्थिति बनी रही आखिरकार रात बारह बजे छुरिया टीआई ने घटनाक्रम को लेकर खेद प्रकट किया । तब जाकर धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम समाप्त हुआ ।

## ई-डिस्ट्रिक्ट संचालको ने शुल्क (दर) वृद्धि के लिए सौपा ज्ञापन



**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के समस्त लोक सेवा केन्द्र एवं ई-डिस्ट्रिक्ट संचालको ने शुल्क दर वृद्धि को लेकर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार अम्बागढ़ चौकी को ज्ञापन सौपा है जिसमे लिखा है कि विगत वर्ष 2015 से एक ही शुल्क 30/- मे काम करते आ रहे हैं जिससे उनको आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।बीते 10 वर्षों में प्रिंटर, टोनर, रिफलिंग एवं स्टेसनरी का शुल्क, एवं अन्य चीजों का शुल्क दिनों दिन बढ़ते क्रम में हैं लेकिन समस्त ई-डिस्ट्रिक्ट संचालनकर्ता वर्ष 2015 से एक ही शुल्क में काम करते आ रहे है जिसके लिए ज्ञापन सौप कर शुल्क दर वृद्धि करने के लिए आग्रह किया है ।इस दौरान देवी लाल निषाद,आशीष मेश्राम, योगिता साहू,महेन्द्र कुमार सहित संचालगण उपस्थित रहे।

### उदयन राज त्रिपाठी बने शिवसेना यूबीटी के मोहला मानपुर चौकी जिला प्रमुख

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** उद्धव बाला साहेब ठाकरे के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ में शिवसेना यूबीटी के विस्तार करते हुए प्रदेश प्रमुख डॉ आंनद सिंह मल्होत्रा ,एवं प्रदेश महासचिव चन्द्रमौलि मिश्र जी के द्वारा शिवसेना के युवानेता उदयन राज त्रिपाठी को मोहला मानपुर चौकी जिला का जिला प्रमुख बनाया गया है डॉ आंनद सिंह मल्होत्रा ने कहा कि शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धवसाहेब ठाकरे के आदेश अनुसार युवा वर्ग के सक्रिय नेताओं को नवदायित्व दिया जाना है ।

**शुभांक**

**1-3-7**

**678-1 350-8**

**भाग्यांक**

**123-6 456-5**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602091900012**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
मटिया प.ह.न. 00023 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - योगेश साहू,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक योगेश साहू आ. बुधराम साहू निवासी ग्राम लखोली नाका राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादी मोटाना बाई पति माहगू राम की मृत्यु दिनांक 10.01.1972 को ग्राम मटिया, तहसील डोंगरगांव में होने के कारण अपने दादी मोटाना बाई पति माहगू राम की मृत्यु तिथि जारी किये शपथ पत्र, चालान, पंचनामा, अनुपलब्धता के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25-02-2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

प्र. क्र. 202602091000021 अ-2 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कुमरदा, प.ह.नं. 08, रा.नि.मंडल कुमरदा, तहसील कुमरदा, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक संदीप ठाकुर आ. श्री कैलाश नाथ, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम कुमरदा, तहसील कुमरदा, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कुमरदा, प.ह.नं. 08. तहसील कुमरदा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 618/3 रकबा 0.425 हेक्टेयर में से 0.145 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन एवं 0.113 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05/03/2026 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो. दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 05/03/2026 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक - 17/02/2026
सुनवाई दिनांक- 05/03/2026

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202602291500009
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2025-26
क्रमांक /1088/वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टामेश्वर सिंह भारद्वाज पिता सच्चिदानंद सिंह भारद्वाज निवासी गर्रापार तहसील-खैरागढ़, जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लॉक नं-01 में स्थित भूखण्ड कमांक 78/1/80 शामिल 79/80, 80/80 क्षेत्रफल 981 वर्गफूट भू-धारिका ममता ठाकुर पति टामेश्वर सिंह के नाम पर दर्ज है। भू-धारिका ममता ठाकुर पति टामेश्वर की मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदक / वैधवारिसान के नाम पर दर्ज किए जाने संबधी नामांरतण आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20-02-2-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202602291500000
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2025-26
क्रमांक/1087/ वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश सिंगी पिता स्व. रमेश सिंगी निवासी वार्ड क्रमांक-08 तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला ईतवारीबाजार ब्लॉक नं-08 में स्थित भूखण्ड कमांक-379/3 क्षेत्रफल 1575 वर्गफूट भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी के नाम पर दर्ज है। भू-धारिका बिमला बाई पति रूपचंद सिंगी की मृत्यु दिनांक 25.01.2008 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर आवेदक / वैधवारिसान के नाम पर दर्ज किए जाने संबंधी नामांरतण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 20260209220035**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - संतोष कुमार वर्मा,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार वर्मा आ. रामजी वर्मा जाति लोधी निवासी वार्ड नम्बर 01 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता किन्दा बाई पति रामजी का मृत्यु दिनांक 19/03/2013 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/03/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) टी हॉर्स रोड ने चीन को किन दो प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा था?*
*2) फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2025 कहां आयोजित किया गया था?*
*3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?*
*4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?*
*5) एक नई मांसाहारी कैटरपिलर, जिसे बोन कलेक्टर कहा जाता है, हाल ही में किस स्थान पर खोजी गई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) तिब्बत और भारत (2) नई दिल्ली (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) हवाई द्वीप

## एल. एल. बी. फायनल ईयर में राजनांदगांव की यान्शिका अग्रवाल मेरिट में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय की एल. एल.बी. अंतिम की छात्रा यांशिका अग्रवाल सुपुत्री श्री संजय अग्रवाल ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की प्राविण्य सूची में आंठवा स्थान प्राप्त किया, अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल जी ने जानकारी प्रदान की अग्रवाल सभा के सदस्य श्री संजयअग्रवाल (अग्रवाल कैन्टीन नगर पालिक निगम कॉप्लेक्स महावीर चौक) के संचालक है। अग्रवाल सभा राजनांदगांव कि ओर से अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, सुरेश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल उनके निवास स्थान पहुंच कर बधाई एवं मिठाई प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये, समाज के सभी बच्चे यान्शिका से प्रेरणा प्राप्त कर अपने भविष्य को श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम बनाने का प्रयास करें।



## डुन्डेरा मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न.

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** 17 फरवरी को लोधी भवन डुन्डेरा में मण्डल कांग्रेस कमेटी स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुआ। बैठक में डुन्डेरा सेक्टर, मुसरा सेक्टर के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (डोंगरगढ़ ग्रामीण) के अध्यक्ष पंचराम चंदेल के दिशा निर्देश में आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर हटीले सेक्टर प्रभारी, नरसिंग वर्मा मोहन साहू कमलेश्वर वर्मा, मदनमोहन साहू, नीलांबर वर्मा, द्वारका सिन्हा, पवन साहू, खिलेश्वर वर्मा, जयचंद वर्मा, नागेंद्र वर्मा, भागीराम कंवर, कामता साहू, भैरोलाल, प्रेमलाल, पंचुराम, भूपेंद्र साहू, इंद्रजीत साहु, लोकेश साहू, सहदेव वर्मा, तिलक नंदेश्वर चम्पालाल, बहल, कीर्तन, रामदास वर्मा समेत सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

**कमल किशोर साहू**

**डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी सेवा सहकारी समिति अछोली के अध्यक्ष, एवं भाजपा ग्रामीण मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल किशोर साहू उम्र 55 वर्ष का निधन हो गया आज जिनका अंतिम संस्कार ग्राम अछोली में किया गया। मिलन सार व्यक्तिव के धनी कमल किशोर साहू भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे श्री साहू के निधन पर ग्राम अछोली में शोक का लहर है कमल किशोर साहू के निधन पर गणमान्य नागरिकों के द्वारा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रृद्धाजंलि अर्पित की है।



# बजट पेश हुआ, पर सदस्यों ने रोकी मंजूरी - जांच टीम बोली अनुमोदन से इंकार करने का सदस्यों को अधिकार नहीं

**खैरागढ़.** जनपद पंचायत छुईखदान के वित्तीय वर्ष 2025-26 के कथित च्फर्जी और बोगस बजटज्ज् को लेकर उठे विवाद में अब प्रशासनिक जांच पूरी हो गई है। जिला पंचायत स्तर से गठित जांच दल ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें बिना अनुमोदन बजट भेजे जाने की पुष्टि तो हुई है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से फर्जी या मनगढ़ंत साबित नहीं माना गया। जांच रिपोर्ट में इस पूरे प्रकरण को नियमों के विपरीत प्रक्रियात्मक त्रुटि बताया गया है।

**बजट भेजा गया, पर अनुमोदन नहीं मिला**

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 और 2025-26 दोनों वित्तीय वर्षों के बजट अनुमान सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा में प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन सदस्यों द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया। इसके बावजूद जनपद पंचायत के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से बजट उच्च कार्यालय (उपसंचालक पंचायत) को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया।

उपसंचालक कार्यालय ने बजट को वापस करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि इसे विधिवत अनुमोदित कर प्रस्ताव क्रमांक और बैठक की तारीख सहित पुनः भेजा जाए। यानी उच्च स्तर पर भी बिना अनुमोदन बजट स्वीकार नहीं किया गया।

**समितियों ने काल्पनिक आंकड़ों का आरोप लगाकर किया इंकार**

जांच में सामने आया कि 14 नवंबर 2025 की सामान्य प्रशासन समिति बैठक में वर्ष 2024-25 और 2025-26 के बजट पर चर्चा हुई। समिति ने आरोप लगाया कि 2024-25 का व्यय बिना अनुमोदन के किया गया और 2025-26 के बजट में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तथा काल्पनिक आंकड़े प्रस्तुत किए गए। इसी आधार पर बजट को मंजूरी देने से इंकार कर दिया गया और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया गया।

जनवरी 2026 की बैठक में भी बजट को मंजूरी नहीं मिली और पहले पुराने बजट को विधिवत पारित करने के बाद ही आगे की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।




**कानून क्या कहता है-** रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 73 और जनपद पंचायत (बजट अनुमान) नियम, 1997 का हवाला देते हुए कहा गया कि: हर पंचायत को अगले वर्ष का बजट निर्धारित प्रक्रिया से तैयार करना अनिवार्य है। सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा द्वारा अनुमोदन आवश्यक है। 30 जनवरी तक बजट पारित कर 10 फरवरी तक उच्च अधिकारी को भेजना चाहिए। बिना अनुमोदन बजट भेजना नियमों के विपरीत माना गया।

**प्रक्रियात्मक त्रुटि, पर अनियमित व्यय संभव**

जांच समिति ने माना कि बिना अनुमोदन बजट भेजना और खर्च करना अनियमित है, पर इसे आपराधिक फर्जीवाड़ा घोषित नहीं किया गया। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि पिछले वर्षों के खर्च को नियमित करने के लिए कार्योपश्चात अनुमोदन लिया जा सकता है, बशर्ते पूरा लेखा-जोखा और ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

**दोष किसका — स्पष्ट नहीं**

रिपोर्ट में तत्कालीन अधिकारियों को जिम्मेदार बताया गया है, लेकिन उनका पक्ष दर्ज नहीं हो सका क्योंकि उनका तबादला हो चुका था या वे जांच के समय उपलब्ध नहीं थे। इससे जवाबदेही का प्रश्न अभी भी खुला हुआ है।

**शिकायतकर्ता के आरोप और विवाद जारी**

शिकायतकर्ता सभापति सुधीर गोलछा ने जांच रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए आरोप लगाया कि यह वास्तविक शिकायत से ध्यान भटकाने के उद्देश्य से तैयार की गई च्फर्जी और भ्रामकज्ज् रिपोर्ट है, जिसमें मुख्य मुद्दे—बिना अनुमोदन बजट भेजना और उस पर हुए खर्च—को गौण बनाकर अनावश्यक व भटकाने वाले तथ्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि जांच दल ने न तो शिकायतकर्ता का पक्ष ठीक से लिया और न ही वित्तीय अनियमितताओं की गहराई से जांच की, जिससे साफ प्रतीत होता है कि पूरी कार्रवाई दोषियों को बचाने के लिए की गई है। गोलछा ने आरोप लगाया कि जांच दल धनबल और प्रभाव के आगे झुक गया तथा निष्पक्ष जांच के बजाय च्कागजी औपचारिकताज्ज् निभाई गई। उनके अनुसार यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से सच्चाई दबाने का प्रयास है, इसलिए वे इस रिपोर्ट को न्यायालय में चुनौती देंगे ताकि जनधन के संभावित दुरुपयोग और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका उजागर हो सके।

अब आगे क्या रिपोर्ट जिला पंचायत को सौंप दी गई है और अंतिम निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया जाना है। रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि यदि पंचायत अपने कर्तव्य का पालन नहीं करती, तो जिलाधीश को हस्तक्षेप कर कार्य पूरा कराने का अधिकार है।

**आदेश मिलते ही निष्पक्ष जांच की, रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी — जांच अधिकारी कल्पना हेड़ाउ**

जांच अधिकारी एवं जिला पंचायत की लेखाधिकारी कल्पना हेड़ाऊ ने बताया कि उन्हें प्राप्त आदेश के अनुसार पूरे मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच की गई। संबंधित दस्तावेजों, बैठक रजिस्टर और अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद जांच प्रतिवेदन तैयार कर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा उपसंचालक (पंचायत) को भेज दिया गया है।

# चंद्राकार समाज द्वारा मनाई गई छत्रपति वीर शिवाजी की जयंती

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** चंद्राकार समाज द्वारा चंद्राकर भवन में वीर शिवाजी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्राकर (कुर्मी )समाज के बहुत सारे महिला पुरुष एवं बच्चे एकत्रित हुए एवं अपने ईष्ट कुलदेव छत्रपति शिवाजी को याद किया गया चंद्राकार समाज के अध्यक्ष योगेश चंद्राकर द्वारा अपने सामाजिक बंधु को संबोधित करते हुए कहा सामाजिक एकता को बनाए रखने के लिए हम सभी को छत्रपति शिवाजी के बताए हुए राह पर चलना होगा उनके बताए हुए मूल्य एवं आदर्शों को हमें पालन करना होगा शिवाजी महाराज सिर्फ योद्धा ही नहीं थे वह एक न्यायप्रिय राजा भी थे। दीपक देशमुख द्वारा अपने उद्बोधन में उनके जन्म से जुड़े हुई पहलू पर प्रकाश डाला गया शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में महाराष्ट्र के पूणे शहर के पास एक जमींदार कुर्मी परिवार में जन्म हुआ था वह जन्म से ही विशेष प्रतिभा के थे वह महज 16 वर्ष की उम्र में ही पहला तोरण किल्ला फत्तह किया यहीं से ही सैन्य अभियान की शुरुआत हुआ गजब के रणनीतिकार युद्ध कौशल छोटी सी सेना लेकर मुगलों के बड़े-बड़े फौज को गोरिल्ला युद्ध के जरिए शिकस्त देते थे। शिवाजी महाराज के राज्य में महिलाओं और किसानों के प्रति विशेष सम्मान रखा जाता था ।उनकी माता जीजाबाई बहुत ही धार्मिक एवं अनुशासित महिला थी उनका प्रभाव महाराज शिवाजी के ऊपर काफी गहरा पड़ा 1674 में रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक हुआ तब से उन्हें छत्रपति शिवाजी कहा गया छत्रपति शिवाजी महाराज महज 50 वर्ष के ही उम्र में दुनिया से विदा हो गए शुभम चंद्राकर द्वारा कहा गया कि भारती इतिहास में एक न्यायप्रिय सहिष्णुता राष्ट्र प्रेमी शासन के रूप में छत्रपति शिवाजी को सदा सदा याद किए जाएंगे कार्यक्रम का बहुत ही अच्छा ढंग से संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक चंद्राकर द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर लल्लू चंद्राकर धन्नु चंद्राकर पवन चंद्राकर रामकुमार सहित बड़ी संख्या में चंद्राकर समाज के लोग उपस्थित रहे।



## खरीफ फसलों के लिए उर्वरकों का अग्रीम खाद उठाव शुरू

**मोहला** (नांदगांव टाइम्स)। जिले में कलेक्टर के मार्ग दर्शन में उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया है कि आगामी खरीफ सीजन 2026 में उर्वरकों की संभावित कमी से बचने और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। उप संचालक कृषि कार्यालय द्वारा जारी निर्देशानुसार, जिले के किसान 01 फरवरी से 31 मई 2026 के बीच अपनी जरूरत की खाद का अग्रिम उठाव कर सकते है।विभाग ने स्पष्ट किया है कि फरवरी और मार्च के महीनों में कुल निर्धारित लक्ष्य का 70 प्रतिशत वितरण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि किसान भाई अंतिम समय की भागदौड़ से बच सकें। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी निकटतम सहकारी समितियों से संपर्क कर खाद का उठाव शुरू करें।वर्ष 2025 में 17044.749 मि.टन उर्वरकों का वितरण किया गया। खरीफ 2026 में 31 मई तक कुल 11100 मि.टन उर्वरकों का अग्रिम उठाव का लक्ष्य रखा गया है। जिससे समयबद्ध उर्वरकों की उपलब्धता किसानों को हो सके। खरीफ फसल बुआई में उर्वरक एक महत्वपूर्ण आदान है। शासन द्वारा उर्वरकों के अग्रिम उठाव की योजना किसानों के हित में आरंभ की गई है।



# जिला उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क बीरधाम( नादगाव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिक्केट परीक्षा 2026 के प्रथम दिवस जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित इस दल का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा ने किया। उड़नदस्ता दल में सहायक संचालक डी.जी. पात्रा, एम.आई.एस. प्रशासक श्री सतीश कुमार यदु एवं वरिष्ठ पी.टी.आई. दिनेश कुमार साहू शामिल रहे। दल द्वारा विज्ञान संकाय के भौतिकशास्त्र एवं कला संकाय के भूगोल विषय की परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय स्थित होलीक्रास स्कूल कवर्धा, विकासखंड बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवांगांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा भवनों में समुचित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकोज, ओ.आर.एस. एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए। साथ ही, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों का समुचित संधारण किया जाना पाया गया।



## सुश्री दिव्या किशोरी जी वृंदावन के मुखारविंद से संतोषी नगर में बह रही भक्ति कि रसधारा

**गंडई (नांदगांव टाइम्स)।** श्री काली माता बंगाली सेवा समिति भैरव नगर, संतोषी नगर रायपुर में सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री दिव्या किशोरी जी (वृंदावन) द्वारा श्रीमद् भगवद कथा का रसपान भक्तों को कराया जा रहा है। श्री काली माता बंगाली सेवा समिति विगत कई वर्षों से इस तरह का धार्मिक भक्तिमय आयोजन करके सनातन धर्म को और मजबूत करने का कार्य कर रही है। वृंदावन से आई कथा वाचिका सुश्री दिव्या किशोरी जी के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण भक्तगण कर रहे हैं वहीं मूल पाठ श्री नरहरि बाबा जी नवद्वीप पश्चिम बंगाल द्वारा किया जा रहा है। भागवत कथा का यह आयोजन 12 फरवरी से 21 फरवरी शनिवार तक 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रोजाना किया जा रहा है।



## *धर्म समाचार....*

# इस बार क्यों राम नवमी मानी जा रही है खास, समय और संयोग पर एक नजर



हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। इस साल 19 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। यह पर्व जगत की देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही देवी मां को प्रसन्न कर उनकी कृपा पाने के लिए नौ दिनों तक व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

सनातन शास्त्रों में निहित है कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ है। इसके लिए हर साल चैत्र माह में राम नवमी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विशेष पूजा की जाती है। वहीं, पूजा समापन होने तक व्रत रखा जाता है। आइए, राम नवमी की सही तिथि और शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**राम नवमी शुभ मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च को दिन 11 बजकर 48 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 27 मार्च को सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अवतरण मध्याह्न बेला में हुआ था। इसके लिए 26 मार्च को राम नवमी मनाई जाएगी।

**राम नवमी पूजा समय** - ज्योतिषियों की मानें तो राम नवमी तिथि यानी 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 13 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 41 मिनट तक पूजा का शुभ समय है। वहीं, दोपहर 12 बजकर 27 मिनट पर मध्याह्न बेला का समय है। आसान शब्दों में कहें तो दोपहर 12 बजकर 27 मिनट भगवान श्रीराम का अवतरण समय है। साधक इस समय में भगवान श्रीराम की पूजा कर सकते हैं।



**राम नवमी शुभ योग** - ज्योतिषियों की मानें तो रामनवमी के दिन शोभन और सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इसके साथ ही रवि और शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी।

## विवाहित महिलाएं जरूर रखें चूड़ियों से जुड़ी इन 5 बातों का ध्यान, बढ़ेगा पति का सौभाग्य

चूड़ियां सिर्फ श्रृंगार का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति में इन्हें सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर चूड़ियां सही तरीके से और सही नियमों के पालन के साथ पहनी जाएं, तो यह घर में सुख-समृद्धि लाती हैं। वहीं, इनसे जुड़ी छोटी सी चूक भी वास्तु दोष का कारण बन सकती है। आइए जानें चूड़ियों से जुड़े कुछ जरूरी वास्तु नियम, जो आपके जीवन में खुशहाली ला सकते हैं।

**चूड़ियां पहनने और रखने के जरूरी नियम**

**1. टूटी या चटक गई चूड़ियां**- अक्सर हम थोड़ी सी चटक गई या दरार वाली चूड़ियों को ठीक है समझकर पहने रहते हैं। वास्तु के अनुसार, यह सबसे बड़ी गलती है। टूटी हुई चूड़ियां नकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और पति-पत्नी के रिश्तों में तनाव पैदा कर सकती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसी चूड़ियां पहनना सौभाग्य के लिए शुभ नहीं माना जाता।

**2. चूड़ियों की खनक और दिशा**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, चूड़ियों की मधुर आवाज घर के वातावरण को शुद्ध करती है। चूड़ियों को हमेशा व्यवस्थित तरीके से रखना चाहिए। इन्हें कभी भी इधर-उधर बिखेर कर न रखें। शास्त्रों के अनुसार, श्रृंगार की सामग्री को हमेशा दक्षिण-पश्चिम या उत्तर-पश्चिम दिशा में रखना सबसे बेहतर होता है।

**3. रंगों का सही चयन**

हर रंग की अपनी एक ऊर्जा होती है। विवाहित महिलाओं के लिए लाल और हरी चूड़ियां सबसे शुभ मानी जाती हैं। लाल रंग शक्ति और प्रेम का प्रतीक है, जबकि हरा रंग खुशहाली और प्रगति को दर्शाता है। शनिवार के दिन गहरे नीले या काले रंग की चूड़ियां पहनने से बचना चाहिए।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# विश्वास निर्माण गौरव विष्णु का सुशासन

समावेशी विकास और जनकल्याण का आधार



## श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

| महिला सशक्तीकरण | युवा सशक्तीकरण | किसान कल्याण | औद्योगिक विकास |
|---|---|---|---|
| **महतारी वंदन योजना** 68.39 लाख महिलाओं को 24 किस्तों में कुल ₹15,588.36 करोड़ अंतरित | **आयु सीमा** सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट | **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि** 26 लाख किसान लाभांवित | **नई औद्योगिक नीति लागू** ₹7.83 लाख करोड़ से अधिक का मिला निवेश प्रस्ताव |
| **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** 37 लाख से अधिक महिलाएं लाभांवित | **पदों पर भर्ती** लगभग 32,000 रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी | **धान** ₹3100/क्विंटल और 21 क्विंटल/एकड़ की दर से धान खरीदी | **औद्योगिक हब** नया रायपुर बन रहा औद्योगिक हब |
| **महतारी सदन** 368 महतारी सदनों के निर्माण हेतु ₹108.78 करोड़ स्वीकृत | **उद्यम क्रांति योजना** स्वरोज़गार के लिए 50% सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण | **बैंक राशि** दो वर्षों में किसानों के खातों में ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक की राशि अंतरित | **चिप यूनिट** ₹1100 करोड़ की लागत से चिप यूनिट स्थापित |



**26 लाख** से अधिक आवास स्वीकृत

**400 से अधिक** प्रशासनिक सुधार से निवेश की राह आसान

पारदर्शिता लाने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन

**₹51,080 करोड़** से रेल परियोजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन

**₹40 हज़ार करोड़** से अधिक लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का हो रहा विकास

## सरल, सहज और उदार व्यक्तित्व वाले माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को हार्दिक शुभकामनाएं

संवाद - 46967/178

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com